कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/चित्रकला प्रति./2018/ दिनांक 20.05.2020

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन
जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान।

विषय :– पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि (27 मई–2020) के अवसर पर समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु **"अंहिसा एवं युवा"** विषय पर ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता आयोजित करवाने बाबत्।

प्रसंग :– शासन का पत्रांक : प.24(19) शिक्षा–6/2018/पार्ट दिनांक 20.05.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 27 मई को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्य तिथि है। इस क्रम में जिला क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु **"अंहिसा एवं युवा"** विषय पर ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त क्रम में संपूर्ण जिला क्षेत्राधिकार में अग्रांकित निर्देशित कार्यवाही संपादित करावें:–

समस्त सीबीईओ को उक्त ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत निर्देश प्रदान करते हुए उक्त विषयक सूचना स्माईल प्रोजेक्ट के तहत समस्त पीईईओ/संस्था प्रधानों द्वारा विद्यार्थियों के ऑनलाईन अध्ययन सामग्री प्रेषण हेतु विद्यालय स्तर पर निर्मित विभिन्न व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थियों तक यथा समय पहुंचाई जानी सुनिश्चित की जाए।

सीबीईओ समस्त अधीनस्थ पीईईओ/संस्था प्रधानों को अपने विद्यालयों के अधिकाधिक विद्यार्थियों द्वारा उक्त निबंध प्रतियोगिता से संबंधित विषय सामग्री पर निबंध लिखने हेतु प्रेरित करने बाबत निर्देश प्रदान करेंगे। निबंध लिखने वाले विद्यार्थी दिनांक 27 मई 2020 को सायं 04:00 बजे तक विद्यालय की ई–मेल पर हस्तलिखित अथवा टंकित निबंध सामग्री ऑन लाईन प्रेषित करेंगे, जिसमें से समस्त पीईईओ/संस्था प्रधान अपने विद्यालय के चुनिंदा 10 निबंधों को सीबीईओ को तत्काल प्रेषित करेंगे। इस हेतु सभी सीबीईओ को विद्यार्थियों के लिए पृथक से एक व्हॉटस एप नंबर उपलब्ध कराना है, जिस पर विद्यार्थी स्वयं द्वारा लिखित/टंकित निबंध के नीचे अपना नाम, कक्षा एवं विद्यालय का नाम अंकित करेंगे।

इसी प्रकार निजी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा लिखित/टंकित निबंध संबंधित विद्यालयों द्वारा सीबीईओ कार्यालय की ई–मेल/उपलब्ध कराए गए व्हॉटस एप नंबर पर प्रेषित की जाएगी।

सीबीईओ ब्लॉक क्षेत्राधिकार के विद्यालयों से प्राप्त चुनिंदा 10 निबंधों को सीडीईओ कार्यालय को उसी दिन सायं 06 बजे तक प्रेषित करेंगे। सीडीईओ कार्यालय द्वारा दिनांक 28 मई 2020 को सायं 05 बजे तक जिले से 10 चुनिंदा निबंध इस कार्यालय की ई–मेल आई डी secondarydd35@gmail.com पर अथवा सहायक निदेशक श्री अरूण शर्मा के व्यक्तिगत माबाईल नंबर पर आवश्यक रूप से प्रेषित की जाएगी।

समस्त संबंधितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों की पालना सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाई जाए।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. शासन उप सचिव शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारंभिक।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा अभियान।
6. समस्त पीईईओ/संस्था प्रधान–राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय।
7. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करने हेतु ।
8. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर